पंजाब केसरी 15/08/2025



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित रैगिंग विरोधी भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज में हुई रैगिंग विरोधी भाषण प्रतियोगिता

अम्बाला, 14 अगस्त (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ ने वीरवार को रैगिंग विरोधी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाना और एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी परिसर वातावरण को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. मंजीत कौर के साथ-साथ सदस्य बृजेश कुमार, डा. एस.के. पांडे और डा. अमिता भी उपस्थित थीं।

विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के साथ अपने विचार व्यक्त किए और रैगिंग के कानूनी, नैतिक एवं भावनात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला। उनके भाषणों ने छात्रों के बीच सहानुभूति, अनुशासन और सौहार्द के महत्व पर जोर दिया। इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों के वक्तत्व कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि रैगिंग के प्रति कॉलेज की शून्य सहिष्णुता नीति को भी पुष्ट किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में डा. भारती विज और डा. अनीश शामिल थे।